जनपद न्यायालय, वाराणसी।

नीलामी आदेश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीवानी न्यायालय, वाराणसी में दो नग हैवी ड्यूटी फोटोस्टेट मशीन क्रय की जानी है। साथ ही जनपद न्यायालय, वाराणसी में उपलब्ध दो अदद पुराने फोटोस्टेट मशीनों को बाई बैक ऑफर के अधीन समायोजित किया जाना है। अतः दो नग हैवी ड्यूटी फोटोस्टेट मशीनों की आपूर्ति, पुरानी दोनों मशीनों की बाइ बैक ऑफर के साथ किये जाने हेतु पंजीकृत फर्मों से **दिनांक 03.01.2018 को समय 12:00 बजे तक** जनपद न्यायालय, वाराणसी के नजारत कार्यालय में सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें उसी तिथि में **सायं 04:00 बजे** क्रय विक्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

निविदा दाताओं को निविदा के साथ मु0 **10,000/– रूपये का बैंक ड्राफ्ट** जो **''जिला जज, वाराणसी''** के नाम, जमा करना अनिवार्य होगा।

किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय को होगा।

किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्राधिकार जनपद न्यायालय, वाराणसी को होगा।

आपूर्ति के इच्छुक व्यक्ति/फर्म नियमो एवं शर्तो की जानकारी दीवानी न्यायालय, वाराणसी के नोटिस बोर्ड, न्यायालय की वेबसाइट, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाइट अथवा नजारत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है, तथा इस नोटिस को वाराणसी जिले के दो स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित कराया जाये।

जनपद न्यायाधीश,
वाराणसी

1. प्रति माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
2. प्रति कम्प्यूटर अनुभाग को न्यायालय के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. प्रति आयुक्त, वाराणसी के नोटिस बोर्ड पर लगाये जाने हेतु।
4. प्रति जिलाधिकारी, वाराणसी के नोटिस बोर्ड पर लगाये जाने हेतु।
5. प्रति स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु।